## चट्टान

1. पृथ्वी के द्रव पदार्थों के घनीभूत हो जाने से बनी चट्टानों को कहते हैं–
   (अ) आग्नेय (ब) अवसादी
   (स) रूपांतरित (द) इनमें से कोई नहीं
   उत्तर : (अ)
2. निम्नलिखित में से किसे प्राथमिक चट्टानों की श्रेणी में रखा जाता है ?
   (अ) आग्नेय चट्टानें (ब) अवसादी चट्टानें
   (स) रूपांतरित चट्टानें (द) अन्तर्भेदी चट्टानें
   उत्तर : (अ)
3. आग्नेय शैल कहलाती है–
   (अ) कठोर शैल (ब) मौलिक शैल
   (स) गौण शैल (द) इनमें से कोई नहीं
   उत्तर : (ब)
4. निर्माण की दृष्टि से निम्न में से कौनसी चट्टान सर्वाधिक प्राचीन है ?
   (अ) आग्नेय (ब) कायांतरित
   (स) अवसादी (द) इनमें से कोई नहीं
   उत्तर : (अ)
5. आग्नेय चट्टानें बनती है–
   (अ) गर्म लावा के ठंडे होने से
   (ब) पर्वतों के गिरने से
   (स) भूकम्प से
   (द) इनमें से कोई नहीं
   उत्तर : (अ)
6. मोह स्केल से निम्नलिखित में से किसका मापन किया जाता है ?
   (अ) आकाशीय पिंडों की दूरियाँ
   (ब) बहते हुए जल की गति
   (स) वायुयानों एवं जलयानों की गति
   (द) चट्टानों की कठोरता
   उत्तर : (द)
7. ग्रेनाइट की गणना किस प्रकार की चट्टानों में की जाती है ?
   (अ) आग्नेय
   (ब) अवसादी
   (स) कायांतरित
   (द) अधिवितलीया या प्लूटोनिक
   उत्तर : (द)
8. जो शैल शेष अन्य से भिन्न है–
   (अ) क्वार्टजाइट (ब) ग्रेनाइट
   (स) नीस (द) संगमरमर
   उत्तर : (ब)
9. भूगर्भ में विशाल आकार की गुम्बदाकार आग्नेय चट्टानों को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ?
   (अ) बैथोलिथ (ब) लैकोलिथ
   (स) फैकोलिथ (द) लोपोलिथ
   उत्तर : (अ)
10. जानवरों, वनस्पतियों एवं सूक्ष्म जीवों के अवशेष किस प्रकार की चट्टानों में पाये जाते हैं ?
    (अ) आग्नेय चट्टान (ब) अवसादी चट्टान
    (स) कायांतरित चट्टान (द) अधिवितलीय चट्टान
    उत्तर : (ब)
11. धरातल के सर्वाधिक भाग पर निम्नलिखित में से किस चट्टान का विस्तार पाया जाता है ?
    (अ) आग्नेय चट्टान (ब) अवसादी चट्टान
    (स) कायांतरित चट्टान (द) इनमें से कोई नहीं
    उत्तर : (ब)
12. निम्नलिखित में से कौनसी चट्टान जैविक चट्टानों के अंतर्गत आती है ?
    (अ) क्वार्टजाइट (ब) संगमरमर
    (स) कोयला (द) ग्रेनाइट
    उत्तर : (स)
13. कोयला किस चट्टान में पाया जाता है ?
    (अ) परिवर्तित चट्टान (ब) परतदार चट्टान
    (स) अजैव चट्टान (द) आग्नेय चट्टान
    उत्तर : (ब)
14. पेट्रोलियम (खनिज तेल) किन चट्टानों में पाया जाता है ?
    (अ) आग्नेय (ब) नवीन संस्तरित
    (स) प्राचीन संस्तरित (द) परिवर्तित
    उत्तर : (स)
15. निम्नलिखित में से कौन परतदार चट्टान नहीं है ?
    (अ) चूना पत्थर (ब) बालुका पत्थर
    (स) शैल (द) क्वार्टजाइट
    उत्तर : (द)
16. निम्नलिखित में से कौन परतदार चट्टान नहीं है ?
    (अ) जिप्सम (ब) कांग्लोमरेट
    (स) डोलोमाइट (द) स्लेट
    उत्तर : (द)
17. निम्नलिखित में से कौन अलग प्रकार की चट्टान है ?
    (अ) बलुआ पत्थर (ब) चूना पत्थर
    (स) संगमरमर (द) कांग्लोमेरेट
    उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

18. पृथ्वी के आंतरिक भाग में किस चट्टान का निर्माण अधिक ऊष्मा और दबाव से हुआ है ?
(अ) आग्नेय चट्टान (ब) अवसादी चट्टान
(स) कायांतरित चट्टान (द) ज्वालामुखी चट्टान
उत्तर : (स)

19. बलुआ पत्थर परिवर्तित होता है–
(अ) नीस में (ब) सिस्ट में
(स) क्वार्टजाइट में (द) ग्रेफाइट में
उत्तर : (स)

20. चूना पत्थर (लाइम स्टोन) का कायांतरित रूप है–
(अ) संगमरमर (ब) स्लेट
(स) ग्रेफाइट (द) क्वार्टजाइट
उत्तर : (अ)

21. निम्नलिखित में से कौन रूपांतरित चट्टान है ?
(अ) नीस (ब) ग्रेनाइट
(स) कोयला (द) चूना पत्थर
उत्तर : (अ)

22. निम्नलिखित में से कौन कायांतरित चट्टान है ?
(अ) ग्रेनाइट (ब) शैल
(स) संगमरमर (द) बेसाल्ट
उत्तर : (स)

23. नीस चट्टान निम्नलिखित में से किस कोटि की है ?
(अ) आग्नेय (ब) परतदार
(स) परिवर्तित (द) ज्वालामुखी
उत्तर : (स)

24. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| A. स्लेट | 1. आग्नेय शैल |
| B. लिग्नाइट | 2. कायांतरित शैल |
| C. बॉक्साइट | 3. अलौह खनिज |
| D. ग्रेनाइट | 4. अवसादी शैल |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 4, C – 3, D - 1
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (ब)

25. बेसाल्ट के रूपान्तरण के फलस्वरूप किस चट्टान का निर्माण होता है ?
(अ) पेग्माइट (ब) सर्पेंटाइन
(स) एम्फीबोलाइट (द) फायलाइट
उत्तर : (स)

26. निम्नलिखित में से कौन रूपांतरित चट्टान नहीं है ?
(अ) स्लेट (ब) सीस्ट
(स) डायोराइट (द) फायलाइट
उत्तर : (स)

27. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?
(अ) बालू पत्थर – कांग्लोमरेट
(ब) चूना पत्थर – संगमरमर
(स) ग्रेनाइट – नीस
(द) गैब्रो – सर्पेंटाइन
उत्तर : (अ)

28. निम्नलिखित में से कौनसा कारण चट्टानों के रूपांतरण के लिए उत्तरदायी नहीं है ?
(अ) अपरदन (ब) ताप
(स) दबाव (द) घुलन
उत्तर : (अ)

29. अवसादी शैल का दूसरा नाम क्या है ?
(अ) स्तरित शैल (ब) अस्तरित शैल
(स) अरन्ध्री शैल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

30. निम्नलिखित में से कौनसी रूपांतरित चट्टान है ?
(अ) ग्रेनाइट (ब) शैल
(स) डाइक (द) स्लेट
उत्तर : (द)

31. स्लेट और संगमरमर है–
(अ) आग्नेय चट्टानें (ब) अवसादी चट्टानें
(स) कायांतरित चट्टानें (द) ज्वालामुखी चट्टानें
उत्तर : (स)

32. निम्न में से आग्नेय चट्टान कौनसी है ?
(अ) स्लेट (ब) लाइम स्टोन
(स) ग्रेनाइट (द) क्वार्टजाइट
उत्तर : (स)

33. रूपांतरित चट्टानों की उत्पत्ति..................चट्टानों से होती है।
(अ) आग्नेय
(ब) तलछटी
(स) आग्नेय और तलछटी दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) JPSC 2011

34. निम्नलिखित में से कौन कायांतरित शैल है ?
(अ) संगमरमर (ब) चूनाश्म
(स) ग्रेनाइट (द) कोयला
उत्तर : (अ) RRB 2003

35. निम्नलिखित में से कौन रूपांतरित चट्टान नहीं है ?
(अ) स्लेट (ब) स्फटिक
(स) संगमरमर (द) ग्रेनाइट
उत्तर : (द) RRB 2004

36. आग्नेय चट्टान का उदाहरण है–
(अ) बालू पत्थर (ब) संगमरमर
(स) क्वार्टजाइट (द) बेसाल्ट
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

37. निम्नलिखित में कौनसी चट्टान में जीवाश्म नहीं पाए जाते हैं ?
(अ) बलुआ पत्थर (ब) ग्रेनाइट
(स) शैल (द) कांग्लोमरेट
उत्तर : (ब) JPSC 2013

38. निम्न में से कौनसा एक वितलीय आग्नेय शैल का उदाहरण है ?
(अ) बेसाल्ट (ब) ग्रेनाइट
(स) स्लेट (द) डोलोमाइट
उत्तर : (ब) SSC 2013

39. निम्नलिखित में से कौनसा मृत शैल है ?
(अ) अवसादी (ब) आग्नेय
(स) कायांतरित (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) NDA 2011

40. क्वार्टजाइट निम्नलिखित में से किसका रूपांतरण है ?
(अ) चूना पत्थर (ब) वितलीय शैल
(स) बलुआ पत्थ्र (द) शैल
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com